>

Title: Need to rehabilitate "Kumari Matas" in Yavatmal district, Maharashtra.

श्री हरिभाऊ राठौड़ (यवतमाल): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बहुत ही गंभीर मामला सरकार के सामने रखना चाहता हूं। मेरे क्षेत्र में दो सौ से ऊपर कुंआरी माताएं पाई गई हैं। ये कुंआरी माताएं मेरे निर्वाचन क्षेत्र यवतमाल के झरीझामनी तहसील में कोलाम कम्युनिटी की हैं, जिसे प्रीमेटिव ट्राइब्स कहा जाता है। इस बस्ती में कुंआरी युवतियों ने बच्चों को जन्म दिया है। यह बहुत गंभीर बात है कि ये आदिवासी दूरदराज क्षेत्रों के रहने वाले हैं, इनके लिए करोडों रुपए सरकार खर्च करती है लेकिन ऐसी क्या बात है कि इनके ऊपर अत्याचार हो रहा है और ये अन्याय की शिकार हो रही हैं। मैं इन ट्राइबल्स के रिहेबिलिटेशन के लिए मांग करता हूं। सबसे गंभीर बात यह है कि वर्ष 2001-02 में यूनिसेफ ने सर्वे किया था, हमारे एक लीडिंग न्यूज़पेपर 'लोकमत' में गोपालकृष्ण मांडवकर ने रिपोर्ट दी है कि यूनिसेफ के सर्वे के बाद, राज्य सरकार, डीएम से मीटिंग होने के बाद भी इनके लिए कुछ नहीं हुआ है। मैं समझता हूं कि देश में ऐसे हजारों केसिस होंगे और हो सकते हैं जहां कुंआरी माताएं अपने बच्चों को शिक्षा नहीं दे पा रही हैं, क्योंकि उनका स्वयं का भविष्य अंधकार में ,है इसलिए उनके बच्चों का भी भविष्य खराब है। मैं आपके माध्यम से मांग करूंगा कि सरकार को सर्वे कराना चाहिए कि ऐसा क्या कारण है कि उनके पैर गलत पड़ रहे हैं और उनके ट्राइबल होने की वजह से, उनकी गरीबी की वजह से बुरे लोग फायदा ले रहे हैं।[r73]

हमारा यह क्षेत्र आंध्र प्रदेश के बॉर्डर से लगा हुआ है। यहां आंध्र प्रदेश से लोग आते हैं, बड़े-बड़े व्यापारी आते हैं। वहां ये व्यापारी लोग अपनी हवस पूरी करने के लिए इन गरीब आदिवासी लोगों को अपना शिकार बना लेते हैं। ऐसे गम्भीर मामलों में सरकार को अवश्य देखना चाहिए। ट्राइबल्स के ऊपर अगर सरकार ध्यान नहीं देगी तो कौन ध्यान देगा। आज वहां ऐसी परिस्थिति है कि कोई कुछ सुनने और देखने के लिए तैयार नहीं है। जब यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट दी थी तो सरकार का कर्तव्य बनता है कि उनकी सुध ले और उनका रिहेबिलिटेशन करे। मैं आपके माध्यम से सरकार से यही मांग करता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, Shri Rakesh Singh to speak. I would request you that in future you should give the notice on time. But today you have given the notice after 11 o' clock. As a special case, I am giving you the chance.